# खराब बीज से 30 गांवों की धान चौपट

## किसानों ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन, बायर कंपनी पर कार्रवाई की मांग

**सिलवानी, 7 जनवरी. बायर (प्राइवेट) बीज कंपनी की धान की 8433 वैरायटी को लेकर सिलवानी तहसील में किसानों का गुस्सा अब उबाल पर है. कथित खराब बीज से फसल तबाह होने और मुआवजा नहीं मिलने से नाराज 30 गांवों के करीब 1000 किसानों ने बुधवार को प्रशासन को खुली चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र निष्पक्ष सर्वे कराकर मुआवजा नहीं दिया गया तो वे चक्काजाम, धरना-प्रदर्शन, उग्र जन आंदोलन और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन करेंगे.**

कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सिलवानी अजय पटेल की अगुवाई में सैकड़ों किसानों ने तहसीलदार सुधीर शुक्ला को कलेक्टर रायसेन के नाम ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन के साथ किसानों ने बीज खरीदी के पक्के बिल, पूर्व सर्वे रिपोर्ट और कुछ किसानों के खातों में आई राहत राशि की प्रमाणित प्रतियां भी संलग्न कीं.



### 5000 हेक्टेयर में बोई धान 70% तक नुकसान

किसानों का आरोप है कि करीब 6 माह पहले बायर कंपनी द्वारा उपलब्ध कराए गए धान बीज (8433 वैरायटी) से फसल में बांझपन रोग फैल गया, जिससे उत्पादन बेहद कम रहा. इसका असर करीब 5000 हेक्टेयर में बोई गई धान पर पड़ा और लगभग 70 प्रतिशत फसल नष्ट हो गई.

### सिर्फ एक गांव का सर्वे

किसान अंकित रघुवंशी, महेश सिंह, जगदीश आदिवासी, मानसिंह रघुवंशी सहित अन्य ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए केंद्रीय कृषि जांच दल (आईसीआर टीम) सिलवानी पहुंचा था. टीम ने देवरी मड़िया पंचायत के खेतों का निरीक्षण कर धान में बांझपन रोग की पुष्टि भी की, लेकिन जांच सिर्फ एक गांव तक सीमित रही. अन्य प्रभावित गांवों में न तो सर्वे हुआ और न ही किसानों को सूचना दी गई.

### मुआवजे में भारी असमानता का आरोप

किसानों का आरोप है कि निजी कंपनी द्वारा कुछ चुनिंदा किसानों के खातों में ही राहत राशि डाली गई, जो नुकसान के मुकाबले नाममात्र है. कई किसानों को एक रुपया भी नहीं मिला. जिन किसानों ने 5 एकड़ में धान बोई उन्हें कम क्षेत्र का मुआवजा दिखाया गया, जबकि 15 एकड़ में फसल लगाने वालों को केवल 2-3 एकड़ का ही मुआवजा दर्शाया गया. किसानों ने प्रशासन से ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि संपूर्ण सिलवानी तहसील का निष्पक्ष सर्वे कराया जाए. सर्वे से वंचित किसानों को शामिल किया जाए. सभी प्रभावित किसानों को समान मुआवजा दिया जाए. नुकसान पहुंचाने वाली बीज कंपनी पर सख्त कार्रवाई हो.

# खेत तालाब निर्माण में धांधली, सचिव निलंबित

## भूरेरू का मामला, तत्कालीन जनपद सीईओ आशीष जोशी सहित अन्य को नोटिस

**बेगमगंज, 7 जनवरी. जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत भूरेरू में जल गंगा अभियान के तहत खेत तालाब के निर्माण में वित्तीय अनियमितताएं बरतने पर जिला पंचायत सीईओ मनोज उपाध्याय द्वारा ग्राम पंचायत भूरेरू के पंचायत सचिव कमलेश विश्वकर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए मुख्यालय बेगमगंज जनपद पंचायत कार्यालय नियत किया गया है. साथ ही तत्कालीन जनपद पंचायत सीईओ सहित अन्य अधिकारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है.**

इनके साथ ही बेगमगंज जनपद पंचायत सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा लवकेश जसईवाल, तत्कालीन उपयंत्री/प्रभारी सहा.यंत्री जागृति उइके, उपयंत्री मनरेगा रामलाल मंडरई, सहायक लेखा अधिकारी मनरेगा सावन श्रीवास, ग्राम रोजगार सहायक दीपक अवस्थी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है. संबंधितों को 19 जनवरी 2026 तक जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं.

उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत भुरेरू में कूट रचित दस्तावेज तैयार कर भूमि में खेत तालाब का निर्माण कराने और सम्पूर्ण राशि फर्जी बिल व्हाउचर बनाकर निकालने की शिकायत प्राप्त होने पर शिकायत की गंभीरता को देखते हुए जिला स्तर से गठित जांच दल से शिकायत की जांच कराई गई.

जिसके परिपालन में जिला स्तरीय जांच दल द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन अनुसार जांच दल द्वारा तालाब निर्माण कार्य की नस्ती के परीक्षण में पाया गया कि तालाब निर्माण कार्य की स्वीकृति बिना हितग्राही की जानकारी में लाए स्वीकृत किया गया. मौका निरीक्षण पर एक पुराना तालाब पाया गया जो कि हितग्राही को पूर्व में किसी अन्य विभाग की योजना से दिया गया था तथा मनरेगा योजना से स्वीकृत कोई तालाब मौके पर नहीं पाया गया. इसी प्रकार कार्य की स्वीकृत लागत राशि एक लाख 47 हजार रू के विरूद्ध ग्राम पंचायत द्वारा राशि एक लाख 10 हजार रू मजदूरी के तौर पर ग्राम पंचायत के जॉबकार्डधारियों के खाते के माध्यम से आहरित किया जाना पाया गया और मस्टर में अंकित जॉबकार्डधारियों द्वारा कोई कार्य नहीं किया जाना पाया गया. साथ ही मौके पर निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की एमबी नहीं मिली जबकि उपयंत्री द्वारा बताया गया कि अभियान के दौरान एमबी दी गई थी.

संबंधितों द्वारा तत्समय ग्राम पंचायतों का भ्रमण, निर्माण कार्यो का निरीक्षण, मूल्यांकन आदि नहीं किया गया, जो कि शासकीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही व उदासीनता का घोतक है. जिसके दृष्टिगत संबंधितों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करते हुए 19 जनवरी 2026 तक उपस्थित होकर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के आदेश दिए गए हैं. निर्धारित अवधि में स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं करने अथवा समाधान कारक उत्तर नहीं होने की दशा में एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी.




# लोक परंपराओं का संरक्षण हमारी जिम्मेदारी

## वनग्राम करतौली में लगे मेले में विधायक देवेन्द्र पटेल ने कहा

**बम्होरी, 7 जनवरी. आदिवासी अंचल के वन ग्राम करतौली में तिल गणेश उत्सव के अवसर पर वर्ष 1990 से लगने वाले पारंपरिक मेले का आयोजन इस वर्ष भी श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया.**

मेले में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की.

मेले में सिलवानी विधायक देवेन्द्र पटेल विशेष रूप से शामिल हुए. उन्होंने पूजा-अर्चना के बाद आम जनता को संबोधित करते हुए कहा कि तिल गणेश मेला हमारी आस्था, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता का प्रतीक है. ऐसे आयोजन ग्रामीण जीवन को जोड़ने का कार्य करते हैं और नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ते हैं. विधायक पटेल ने कहा कि सरकार का उद्देश्य गांव, गरीब और आदिवासी समाज का सर्वांगीण विकास है. क्षेत्र में शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य और रोजगार से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है. उन्होंने भरोसा दिलाया कि लोक संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे.

# आदतन अपराधियों को प्रति सप्ताह उपस्थिति दर्ज कराने के आदेश

**रायसेन.** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के अंतर्गत विभिन्न अपराधों में आरोपी बृजेश उर्फ बृजराज जाट पिता मलखान जाट निवासी गढ़ोईपुरा बेगमगंज को तत्काल प्रभाव से तीन माह तक प्रत्येक सप्ताह सोमवार को तहसीलदार (कार्यपालिक मजिस्ट्रेट) बेगमगंज में उपस्थिति दर्ज कराने के आदेश दिए गए हैं. आरोपी वर्ष 2003 से लगातार आपराधिक गतिविधियों में लिप्त है तथा 18 प्रकरण पंजीबद्ध है. वहीं आरोपी पर्वत पिता छोटेलाल अहिरवार ग्राम उमरावगंज को तत्काल प्रभाव से आगामी तीन माह तक प्रत्येक माह को तहसीलदार गौहरगंज में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के आदेश दिए गए हैं.

# एसआईआर पुनरीक्षण कार्य की शुरुआत

**बेगमगंज, 7 जनवरी. सिलवानी विधानसभा क्षेत्र 143 में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के अंतर्गत नो-मैपिंग श्रेणी के मतदाताओं की पेशी प्रारंभ हो गई है. भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण - 2026 के अंतर्गत 143-सिलवानी विधानसभा क्षेत्र में नो-मैपिंग कैटेगिरी में दर्ज मतदाताओं के सत्यापन के लिए पेशी की कार्यवाही आयोजित की जा रही है.**




इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, 143-सिलवानी विधानसभा सौरभ मिश्रा द्वारा जानकारी दी गई कि यह पेशी दिनांक 06 जनवरी 2026 से 14 फरवरी 2026 तक संचालित की जाएंगी. नो-मैपिंग श्रेणी के मतदाताओं की सुनवाई अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बेगमगंज तथा सिलवानी द्वारा की जा रही है. सुनवाई के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय, बेगमगंज तहसील कार्यालय, बेगमगंज एवं सिलवानी, नायब तहसीलदार कार्यालय, सुल्तानगंज एवं बम्होरी नियत किए गए हैं.

एसडीएम सौरभ मिश्रा ने नो-मैपिंग श्रेणी के सभी संबंधित मतदाताओं से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित होकर निवास, पहचान एवं पात्रता से संबंधित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करें, ताकि मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाया जा सके. उन्होंने बताया कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है, अतः सभी संबंधित मतदाता इस प्रक्रिया में अनिवार्य रूप से सहयोग करें.

# आयुष विभाग का नि:शुल्क चिकित्सा शिविर 12 को

**रायसेन, 7 जनवरी.** आयुष विभाग द्वारा 12 जनवरी 2026 को आयुष विंग जिला रायसेन में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया है. यह शिविर सुबह 10 से दोपहर 02 बजे तक आयोजित होगा. अधिक जानकारी के लिए डॉ शरद चौधरी से मोबाइल नम्बर 9425370583 पर सम्पर्क किया जा सकता है. विभिन्न बीमारियों से संबंधित रोगी चिकित्सा शिविर में नि:शुल्क जांच परामर्श एवं औषधि का लाभ ले सकते हैं. शिविर में चिन्हित किए गए मरीजों का पण्डित खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद संस्थान में नि:शुल्क क्षारसूत्र ऑपरेशन 12 जनवरी से 24 जनवरी तक एवं 23 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक किया जाएगा.

## एक नजर में



### विधायक डॉ. चौधरी ने की विकास कार्यों की समीक्षा

**रायसेन.** रायसेन में एसडीएम कार्यालय के सभाकक्ष में सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी की अध्यक्षता में विधानसभा क्षेत्र-142 सांची के समग्र विकास हेतु विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें विधायक डॉ चौधरी ने विभागवार विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास और निर्माण कार्यो की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयावधि में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए. इसके साथ ही विधायक डॉ चौधरी ने सांची विधानसभा के समग्र विकास हेतु आगामी पांच वर्षो को दृष्टिगत रखते हुए विजन डॉक्यूमेन्ट बनाने पर भी चर्चा करते हुए प्रस्ताव बनाने के लिए निर्देशित किया. उन्होंने कहा कि आगामी पांच वर्षो के लिए वर्षवार प्राथमिकता निर्धारित करते हुए प्रस्ताव बनाएं. बैठक में विधायक डॉ चौधरी ने उच्च शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग, कृषि विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग, जल संसाधन, पीएचई सहित अन्य विभागों के अधिकारियों से विजन डॉक्यूमेन्ट बनाने के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए दिशा-निर्देश दिए. बैठक में एसडीएम रायसेन मनीष शर्मा, एसडीएम गैरतगंज सरोज अग्निवंशी, तहसीलदार, जनपद सीईओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे.



### समर्पण परिवार ने किया किट वितरण

**उदयपुरा.** स्वच्छता जनजागरूकता के अंतर्गत नगर परिषद उदयपुरा में सभी सफाई कर्मचारी को ठंड से बचाव के लिए किट वितरण किए गए, समर्पण परिवार के सदस्यों ने जब सफाई कर्मचारी एवं कचरा गाड़ी ड्राइवर से बातचीत कर उनकी लगन, धैर्य और कठोर परिश्रम की सराहना व प्रशंसा की. सफाई कर्मचारी की वजह से आज हम सब उदयपुरा नगरवासी स्वच्छ हवा में सांस ले पा रहे हैं, इसके लिए समर्पण परिवार के सदस्यों ने उनका धन्यवाद प्रेषित किया. साथ ही उदयपुरा के हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने में सहयोग करें.

# सिलवानी में सर्द हवा और घने कोहरे से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**सिलवानी, 7 जनवरी.** क्षेत्र में मौसम के बदले मिजाज ने जनजीवन की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया है. तीर सी चुभती सर्द हवा, कड़ाके की ठंड और घने कोहरे ने लोगों को बेहाल कर दिया है. बुधवार को दिन में सफेद अंधेरा छाया रहा और करीब 20 फीट की दूरी तक देख पाना मुश्किल हो गया. घने कोहरे के कारण सड़कों पर वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा. दृश्यता बेहद कम होने से लोग सतर्कता के साथ वाहन चलाते नजर आए. कई स्थानों पर लोग अपने कामकाज के लिए देर से निकले या घरों में ही दुबके रहे. ठंड से बचने के लिए लोग गर्म कपड़ों में पूरी तरह लिपटे दिखाई दिए. वाहन चालक सिर से लेकर चेहरे तक कपड़े लपेटकर चलने को मजबूर हुए.

# पिपरिया ने इमलिया को 9 विकेट से हराया

**▶ ग्राम इमलिया में क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन**

**सांईखेड़ा, 7 जनवरी. ग्राम इमलिया में टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता 20 दिसंबर से शुरू होकर 6 जनवरी 2026 को सम्पन्न हुई, सेमीफाइनल मुकाबला पिपरिया (डाबरी) और सिलवानी के बीच हुआ.**

फाइनल मैच इमलिया व पिपरिया के बीच खेला गया, जिसमें इमलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 35 रन बनाए, जिसे पिपरिया ने मात्र 1 विकेट खोकर अपना लक्ष्य हासिल कर 9 विकेट से जीत दर्ज की. 6 ओवर का मैच था. पिपरिया ने 5 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया. प्रतियोगिता में कुल 64 टीमों ने भाग लिया और 32 मैच खेले गए. इसमें प्रथम पुरस्कार 21000 एवं द्वितीय



पुरस्कार 11000 रखा गया था. प्रथम पुरस्कार राशि सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल द्वारा प्रदान की गई. आयोजन समिति में अध्यक्ष शैलेन्द्र राजपूत, उपाध्यक्ष चंद्रशेखर राजपूत, सचिव माधव धुर्वे थे. प्रथम पुरस्कार व ट्राफी मनोज शुक्ला द्वारा एवं द्वितीय पुरस्कार देवेंद्र राजपूत, मैन ऑफ द मैच अरविंद शुक्ला तथा मैन ऑफ द सीरीज कुंदन कुशवाहा द्वारा प्रदान की गई.

### भोपाल में महापौर ने खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

**भोपाल, 7 जनवरी.** महापौर मालती राय ने बुधवार को अंकुर मैदान में महर्षि मैत्री मैच श्रृंखला सत्रम-6 के अंतर्गत आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया. इस दौरान आयोजन समिति वैदिक ब्राह्मण खेल युवा कल्याण समिति भोपाल के पदाधिकारियों, सदस्यों द्वारा महापौर मालती राय का सम्मान भी किया गया.



# हिंदू सम्मेलन 11 को, घर-घर दे रहे आमंत्रण

**▶ संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में होगा सम्मेलन**

**सिलवानी, 7 जनवरी. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर नगर सिलवानी में आगामी 11 जनवरी को आयोजित होने जा रहे विशाल हिंदू सम्मेलन को लेकर नगर में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है.**

इस अभियान के तहत आरएसएस के स्वयंसेवक एवं विभिन्न हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता नगर के विभिन्न वार्डों में घर-घर पहुंचकर नागरिकों को सम्मेलन में शामिल होने का आमंत्रण दे रहे हैं. कार्यकर्ता परंपरागत रूप से घरों में पीले चावल डालकर सम्मेलन का निमंत्रण दे रहे हैं. यह भारतीय संस्कृति में शुभता और आमंत्रण का प्रतीक माना जाता है. जनसंपर्क के दौरान स्वयंसेवक सम्मेलन के उद्देश्य, कार्यक्रम की रूपरेखा तथा संघ के शताब्दी वर्ष के महत्व की जानकारी भी लोगों को दे रहे हैं.

संघ से जुड़े पदाधिकारियों ने बताया कि यह सम्मेलन हिंदू समाज को संगठित करने, सामाजिक समरसता, राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है. सम्मेलन में संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी, संत-महात्मा, समाजसेवी एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे. नगरवासियों में इस अभियान को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है. कई स्थानों पर नागरिकों ने स्वयंसेवकों का स्वागत करते हुए सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आश्वासन दिया.

आयोजकों ने सभी हिंदू समाज के लोगों से अपील की है कि वे 11 जनवरी को निर्धारित स्थल पर समय पर पहुंचकर सम्मेलन को सफल बनाएं और संघ शताब्दी वर्ष के इस ऐतिहासिक आयोजन का साक्षी बनें.

**व्यवस्था का जायजा** ▶ पेयजल लाइनों के लीकेज सुधारने के दिए निर्देश

# बेगमगंज नपाध्यक्ष ने वार्ड 11 व 16 का किया निरीक्षण

**बेगमगंज, 7 जनवरी. नगर पालिका परिषद अध्यक्ष संदीप लोधी ने बुधवार को नगर के वार्ड क्रमांक 11 एवं 16 का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने पेयजल लाइनों में हो रही लीकेज, जल आपूर्ति की स्थिति एवं साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया.**



कई स्थानों पर पाइप लाइनों से हो रहे जल रिसाव को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को तत्काल सुधार कार्य कराने के निर्देश दिए, ताकि पानी की बर्बादी रोकी जा सके और आम नागरिकों को नियमित पेयजल मिल सके. निरीक्षण के दौरान सीएमओ राजेंद्र शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे, उनके साथ जल प्रभारी अबरार खान भी शामिल रहे. अध्यक्ष संदीप लोधी ने अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया कि लीकेज की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए तथा जिन क्षेत्रों में बार-बार शिकायतें आ रही हैं, वहां नई पाइप लाइन डालने की कार्ययोजना तैयार की जाए. साथ ही सफाई व्यवस्था को और मजबूत करने, नालियों की नियमित सफाई एवं समय पर कचरा उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश भी सफाई दरोगा को दिए. वार्ड क्रमांक 11 में निरीक्षण के दौरान पार्षद प्रतिनिधि रवि राज एवं वार्ड वासी मौजूद रहे. वहीं वार्ड क्रमांक 16 में पार्षद लोकराज ठाकुर निरीक्षण में साथ रहे. इस दौरान जल विभाग के कर्मचारी, पार्षद प्रतिनिधि राजीव दुबे एवं बृजेश लोधी भी उपस्थित रहे. नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि नगरवासियों को स्वच्छ पेयजल और साफ-सुथरा वातावरण उपलब्ध कराना नगर पालिका की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

# सलकनपुर में विजयासन देवी से की प्रार्थना

**भोपाल.** ओम शिव शक्ति सेवा मंडल भोपाल द्वारा 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर भोजपुर में 23 वां विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा. मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि बुधवार को सभी सदस्यों ने सलकनपुर में मां विजयासन के दर्शन कर इस भंडारे की सफलता के लिए प्रार्थना की. इसमें मंडल सचिव रिंकू भटेजा, योगेश श्रीवास्तव, कपिल ग्वाला, सचिन आर्य, राहुल अरोड़ा, जितेंद्र जैन, विनय सिन्हा, मनोज नवले सहित मंडल के अनेक सदस्य शामिल थे.